**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**07 जुलाई 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के घरेलू उपकरणों की प्रदर्शन क्षमता ने स्वदेशी रक्षा उत्पादों की वैश्विक मांग को बढ़ी है।**
- **केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में मक्का की खेती को बढ़ावा देने के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है।**
- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि जिला कुरूक्षेत्र के गांव ईशरगढ़ स्थित बाबा लक्खी शाह बावड़ी का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा ओर बाबा लक्खी शाह वंजारा मूर्ति की स्थापित की जाएगी।**
- **केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया नगर निगम आयुक्त, उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को, सप्ताह में तीन दिन सार्वजनिक सुनवाई करने के निर्देश दिए ।**
- **हरियाणा में मॉनसून सक्रिय हुआ ।बारिश को सभी फसलों के लिए फायदेमंद बताया गया ।**

**************************************************************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के घरेलू उपकरणों की प्रदर्शन क्षमता ने स्वदेशी रक्षा उत्पादों की वैश्विक मांग को बढ़ा दिया है। नई दिल्ली में आज नियंत्रक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत के रक्षा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने रक्षा क्षेत्र में काफी आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है। श्री सिंह ने कहा कि विदेशों से आयात किए जाने वाले अधिकांश रक्षा उपकरण अब देश में ही बनाए जा रहे हैं।रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आर्थिकी के महत्व पर जोर दिया। श्री सिंह ने कहा कि अमरीका और यूरोपीय देशों सहित लगभग सभी प्रमुख देश अपने रक्षा व्यय में तेजी से वृद्धि कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सहित पूरा विश्व पुनः शस्त्रीकरण के एक नए दौर से गुजर रहा है। श्री सिंह ने बताया कि रक्षा मंत्रालय का बजट देश में सबसे अधिक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल ही में सरकार ने अनुसंधान, विकास और नवाचार-आरडीआई योजना को मंजूरी दी है। श्री सिंह ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये की इस योजना का उद्देश्य उच्च स्तरीय परियोजनाओं को बढ़ावा देना और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को हासिल करना है। इसमें रक्षा क्षेत्र को भी प्राथमिकता दी गई है।

*************************************************************************

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में मक्का की खेती को बढ़ावा

देने के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य और केंद्र सरकार के वैज्ञानिकों, किसानों, कृषि विश्वविद्यालयों और उद्योगों को मिलकर काम करना चाहिए। श्री सिंह ने आज नई दिल्ली में फिक्की के 11वें भारत मक्का शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर श्री सिंह ने मक्का की खेती में उनके असाधारण योगदान के लिए किसानों को सम्मानित भी किया। श्री चौहान ने एक राष्ट्र, एक कृषि और एक एक टीम के विचार पर केंद्रित एक टीम बनाने पर जोर दिया। उन्होंने फिक्की से व्यापक चर्चा करने और ऐसी सिफारिशें देने का भी आग्रह किया, जो किसानों के साथ-साथ अन्य हितधारकों की भी मदद कर सकें।

**************************************************************************

हरियाणा में फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के प्रगतिशील किसान मोहम्मद साजिद कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा में ठेके पर जमीन लेकर नाशपाती की एक विशेष किस्म की खेती कर रहे हैं। किसान मोहम्मद साजिद ने लाडवा में कल सम्पन्न हुए फल उत्सव में भी अपनी निजीसेक नाशपाती को प्रदर्शित किया था।फल की यह किस्म भारतीय किस्म से अलग है।इसे निजीसेक नाशपाती कहा जाता है। प्रगतिशील किसान मोहम्मद साजिद ने बताया कि इस निजीसेक' फल की खासियत ये है कि ये शुगर फ्री है और डेंगू-मलेरिया जैसे बुखार में बेहद फायदेमंद है। इससे शरीर को ठंडक मिलती है और विदेशी बाजार में भी इसकी जबरदस्त मांग है।

मोहम्मद साजिद ने बताया-

मोहम्मद साजिद ने बताया कि इसका पौधा 3-4 साल में फल देना शुरू कर देता है। उनका फल पहले चंडीगढ़ मंडी में जाता है, वहां से पैक होकर सीधा निर्यात होता है। विदेश में ये फल 500 से 600 रुपए प्रति किलो बिकता है।साजिद कहते हैं, धान में मेहनत बहुत है और मुनाफा कम है। यह पर्यावरण के लिए भी बेहतर है और बाजार कीमत भी अच्छी है।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबा लक्खी शाह वंजारा जयंती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए घोषणा की, कि राज्य सरकार द्वारा जिला कुरूक्षेत्र के गांव ईशरगढ़ स्थित बाबा लक्खी शाह बावड़ी का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा। साथ ही गावं में उनके नाम से सामुदायिक केंद्र का निर्माण और एक मूर्ति की स्थापना भी की जाएगी। इसके लिए उन्होंने अपनी ओर से 31 लाख रूपये और कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार व कुमारी आरती सिंह राव की तरफ से 11-11 लाख रूपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज की सहमति से प्रदेश में किसी एक चौक और एक सड़क का नाम बाबा लक्खी शाह वंजारा के नाम पर रखा जाएगा। इसके अलावा, उनके नाम से एक सामुदायिक केंद्र का निर्माण भी करवाया जाएगा।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह घोषणाएं आज चण्डीगढ़ में संत कबीर कुटीर पर बाबा लक्खी शाह वंजारा जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित करते हुए की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बाबा लक्खी शाह वंजारा के चित्र

पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रदेशवासियों को बाबा लखी शाह वंजारा जयंती की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा लक्खी शाह वंजारा एक महान बलिदानी, एक सच्चे श्रद्धालु और एक वीर योद्धा थे, जिन्होंने अपने जीवन की आहुति देकर इतिहास में एक अमर गाथा लिखी

*********************************************************************

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक ने चंडीगढ़ के नगर निगम आयुक्त, उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को, प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार सप्ताह में तीन बार सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक नियमित रूप से सार्वजनिक सुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा यह भी निर्देश दिया गया कि सार्वजनिक सुनवाई के समय के दौरान, इन कार्यालयों द्वारा कोई आधिकारिक बैठक निर्धारित नहीं की जाएगी। प्रशासनिक आवश्यकताओं के मामले में, नागरिकों के साथ निर्बाध बातचीत सुनिश्चित करने के लिए ऐसी बैठकें सार्वजनिक सुनवाई के समय से पहले या बाद में की जाएंगी ।श्री गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि यह पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक-कैंद्रित शासन को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस प्रयास होगा। ये समर्पित सत्र निवासियों को अपनी चिंताओं को व्यक्त करने, प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करने और मुद्दों का समय पर समाधान प्राप्त करने के लिए एक सुलभ मंच प्रदान करेंगे।उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता वाले मामलों के त्वरित निवारण के लिए, उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित उपायुक्त कार्यालय में एक संयुक्त सार्वजनिक सुनवाई करेंगे।

***********************************************************************

हरियाणा में रात भर से रुक रुक कर बारिश हो रही है।हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ मदन लाल खीचड़ ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मानसून की सक्रियता कम थी परंतु रात से मानसून की सक्रियता बढ़ गई है क्योंकि मानसून उत्तर की तरफ बढ़ा है। अरब सागर से नमी वाली हवाएं हरियाणा तक पहुंच रही हैं।

उन्होंने बताया कि आज हिसार में सुबह साढ़े आठ बजे तक 43 मिलीमीटर तक बारिश दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान जो 35 डिग्री सेल्सियस बना हुआ था उसमें लगभग तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट देखने को मिलेगी।

श्री मदनलाल खीचड़ ने बताया यह बारिश सभी फसलों के लिए फायदेमंद है। धान की फसल में इस बारिश का फायदा अधिक होगा।उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि वो फल सब्जियों व नरमा की फसल में अधिक पानी न खड़ा रहने दें।

*****************************************************************************************